एक नजर में

रोजगार मेले में 388 युवाओं का हुआ प्रारंभिक चयन

सीहोर. युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए महिला आईटीआई कॉलेज में युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला आयोजित किया गया. मेले में कंपनियों के प्रतिनिधियों द्वारा युवाओं का इंटरव्यू लेकर योग्यता अनुसार चयन किया गया. कुल 418 युवक-युवतियों ने पंजीयन कराया. मेले में 10 कंपनियों द्वारा कुल 388 युवाओं का प्रारंभिक चयन किया गया. उद्यानिकी विभाग और पशुपालन विभाग द्वारा 04 हितग्राहियों को 22 लाख 90 हजार रूपये का ऋण वितरित किया गया. रोजगार मेले के शुभारंभ अवसर पर एलडीएम जगदीप भट्टाचार्य, डीआईसी महाप्रबंधक अनुराग वर्मा, जिला रोजगार अधिकारी कमलेश पटेल, प्रबंधक संदीप उईके,प्रभारी प्राचार्य डॉ शीलचंद गुप्ता, आईटीआई प्राचार्य गब्बू परमार, विवेक यादव सहित युवा उपस्थित थे.

विजयवर्गीय ने मां पार्वती की पूजा कर चढ़ाई चुनरी

आष्टा. नगरीय प्रशासन एवं आवास विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने गुरुवार को नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा के साथ मां पार्वती नदी के तट पर पहुंचकर पूजा-अर्चना की और मां पार्वती का आशीर्वाद लिया. प्राचीन शंकर मंदिर के पुजारी हेमंत गिरी द्वारा मंत्रोच्चार के साथ जीवनदायिनी मां पार्वती का पूजन संपन्न कराया गया. उन्होंने पार्वती नदी पर बने नवनिर्मित सुंदर घाट का अवलोकन किया. उन्होंने इस सुंदर निर्माण कार्य के लिए नपाध्यक्ष श्रीमती हेमकुंवर रायसिंह मेवाड़ा की सराहना की. इस अवसर पर पूर्व विधायक रघुनाथसिंह मालवीय, ऋतु जैन, कृपालसिंह पटाड़ा, सीएमओ विनोदकुमार प्रजापति, तारा कटारिया, उमेश शर्मा, सिद्दीका बी, भूरू खां, सोनू गुणवान,रवि शर्मा, डॉ. सलीम खान, राजकुमार मालवीय, अरशद अली, नरेन्द्र गंगवाल, अक्षत पाठक, आनंद जैन, देवकरण पहलवान, कमलेश विश्वकर्मा, अभिराज पटाड़ा, दीपक मारूति आदि उपस्थित थे.

पार्टी की एकता व कार्यकर्ताओं की भागीदारी सर्वोपरि

सीहोर. गुरुवार को पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल भैया ने जनसंपर्क अभियान के तहत कार्यकर्ताओं और कांग्रेसजनों से भेंट की. जनसंपर्क अभियानों और सम्मेलनों में अजय सिंह ने कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को संगठन मजबूत करने, जनता के बीच सक्रिय रहने और आगामी चुनौतियों के लिए तैयार रहने का संदेश दिया. उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में जनता परेशान है, इसलिए हमें जनता की आवाज बनकर पार्टी को मजबूत कर आगामी चुनावों के लिए तैयार करना है. इस मौके पर पूर्व विधायक शैलेन्द्र पटेल, जिला अध्यक्ष राजीव गुजराती, ओम वर्मा, धर्मेन्द्र ठाकुर, हरपाल ठाकुर, राजेन्द्र वर्मा, तारा यादव, योगेन्द्र राय, राजा प्रजापति, मुनव्वर मामू, लालू यादव, मंजीद अंसारी, इरफान लाला आदि शामिल थे.

विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों से कराया अवगत

बुधनी. नशे से दूरी है जरूरी जागरूकता अभियान 2 के अंतर्गत एसपी श्रीमती सोनाक्षी सक्सेना के निर्देशन में अनुभाग के तीनों थाना क्षेत्रों में विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए. शासकीय आईटीआई शाहगंज में विद्यार्थियों एवं स्टाफ को नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई. साथ ही नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई गई. सलकनपुर के ग्राम मोगरा कन्या विद्यालय में विद्यार्थियों एवं विद्यालय स्टाफ को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराया गया. बुदनी के उत्कृष्ट विद्यालय में भी नशे से दूरी है जरूरी जागरूकता अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया.

स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर ने किया सफाई व्यवस्था का निरीक्षण

बुधनी. स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर अर्जुन मालवीय ने शहर की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया. उन्होंने व्यापारिक क्षेत्र में लगाए गए ट्विन बिन की व्यवस्था का जायजा लिया. श्री मालवीय ने व्यापारियों से संवाद किया और उन्हें स्वच्छता के प्रति जागरूक किया. उन्होंने अपील की कि दुकानों का कचरा सार्वजनिक स्थानों पर न फेंकें, बल्कि प्रतिदिन नप की कचरा संग्रहण गाड़ी में ही दें. अधिकारियों एवं सफाई कर्मचारियों को स्वच्छता व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने के निर्देश भी दिए गए.

जग के दुख हरने रथ में निकले जग के नाथ

शहर में पुरी की तर्ज पर निकली भगवान जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा, हजारों श्रद्धालुओं ने खींचा रथ

- रथयात्रा में गणमान्य नागरिक व जनप्रतिनिधि रहे शामिल
- विभिन्न संगठनों द्वारा रथयात्रा पर पुष्प बरसाए, किया स्वागत

सीहोर. गुरुवार को शहर में निकाली गई भगवान जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा में शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों के हजारों श्रद्धालु शामिल हुए.

नवभारत न्यूज

सीहोर 16 जुलाई. भगवान जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा रविवार को पुरी की परंपरा के अनुरूप श्रद्धा, आस्था और उत्साह के साथ निकाली गई. जगदीश मंदिर परमार क्षत्रिय समाज ट्रस्ट द्वारा आयोजित रथयात्रा में हजारों श्रद्धालुओं ने भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा के रथ को रस्सियों से खींचकर पुण्य अर्जित किया. जय जगन्नाथ के जयघोष गूंजते रहे. पुष्पवर्षा कर श्रद्धालुओं का स्वागत किया गया.

रथयात्रा का शुभारंभ प्रात:काल जगदीश मंदिर, छावनी में भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा की विशेष पूजा-अर्चना एवं महाआरती के साथ हुआ. इसके बाद सुसज्जित रथ नमक चौराहा, बड़ा बाजार, कोतवाली चौराहा, आनंद डेयरी चौराहा सहित प्रमुख मार्गों से होता हुआ स्वर्णकार मांगलिक भवन पहुंचा. यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष, युवा एवं बच्चे शामिल हुए.

रथयात्रा से पूर्व मंदिर परिसर में अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा, संत 108 दुर्गाप्रसाद कटारे, कैबिनेट मंत्री करण सिंह वर्मा, मंत्री इंदरसिंह परमार, विधायक सुदेश राय, नपा अध्यक्ष प्रिंस राठौर, जसपाल सिंह अरोरा, सन्नी महाजन सहित परमार समाज के लोगों ने भगवान का पूजन किया. यात्रा के दौरान विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर श्रद्धालुओं का स्वागत किया. साथ ही शीतल पेय एवं प्रसादी की भी व्यवस्था की गई. रथयात्रा में उमड़ी भारी भीड़ के चलते शहर के प्रमुख मार्गों पर लगभग तीन घंटे तक यातायात प्रभावित रहा। यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस एवं प्रशासन की टीम पूरे समय मुस्तैद रही.

चल समारोह का प्रमुख आकर्षण दिल्ली से आए कलाकारों द्वारा प्रस्तुत धार्मिक एवं सांस्कृतिक नृत्य रहे, जिन्होंने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया. यात्रा में भजन-कीर्तन मंडलियां, ढोल-नगाड़े, डीजे एवं पारंपरिक वाद्ययंत्रों की मधुर ध्वनि से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा.

इस अवसर पर पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहा कि भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा सनातन धर्म की एकता, प्रेम और भाईचारे का संदेश देती है. भगवान जगन्नाथ सभी के कल्याणकर्ता हैं और उनकी कृपा सभी भक्तों पर बनी रहती है. वहीं संत दुर्गाप्रसाद कटारे ने कहा कि जगदीश मंदिर प्राचीन धार्मिक धरोहर ह.सनातन श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र है. ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में संस्कृति, संस्कार और आध्यात्मिक चेतना को मजबूत करते हैं. रथयात्रा में शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों से आए श्रद्धालुओं ने भाग लिया. श्रद्धालुओं ने भगवान जगन्नाथ के दर्शन कर सुख, शांति और समृद्धि की कामना की.

विधायक राय ने सपत्नीक खींचा भगवान का रथ

शहर में भगवान जगन्नाथ, बलभद्र एवं सुभद्रा जी की भव्य रथ यात्रा में विधायक सुदेश राय और समाजसेवी अरुणा राय शामिल हुए. उन्होंने भगवान जगन्नाथ के दर्शन रथ खींचा. जगदीश मंदिर पहुंचकर विधायक सुदेश राय और समाजसेविका श्रीमती अरुणा राय द्वारा भगवान जगन्नाथ की विधिवत पूजा अर्चना की गई उन्होंने नागरिकों की उन्नति प्रगति दुख कष्ट निवारण की कामना भगवान जगन्नाथ जी से की.

जैन मंदिर में चोरी करने वाला पुजारी ही निकला

सीहोर. कोतवाली पुलिस ने दिगंबर जैन मंदिर में हुई चोरी के मामले में पुजारी को गिरफ्तार कर करीब 8 लाख रुपए का चोरी गया सोने-चांदी का सामान बरामद किया है. आरोपी ने पुलिस रिमांड के दौरान योजनाबद्ध पूछताछ में चोरी की वारदात कबूल की.गत 10 जुलाई को फरियादी अजय कुमार जैन ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि मंदिर में पिछले तीन वर्षों से पूजा-अर्चना के लिए नियुक्त पुजारी कपिल जैन द्वारा मंदिर से सोने का छत्र, चांदी की थाली, हाथी एवं दीपक चोरी कर लिए गए हैं. पुलिस ने पुजारी कपिल से पूछताछ की. लेकिन वह चोरी से इंकार करता रहा, रिमांड के दौरान योजनाबद्ध एवं गहन पूछताछ करने पर उसने चोरी की वारदात करना कबूल कर लिया. आरोपी कपिल जैन के कब्जे से एक सोने का छत्र, एक सोने का दीपक तथा एक चांदी की थाली बरामद की गई. बरामद सामान की कुल कीमत लगभग 8 लाख रुपए आंकी गई है.

नाबालिग के दुष्कर्मी को आजीवन कारावास

नवभारत न्यूज

सीहोर 16 जुलाई. वर्ष 24 में नाबालिग बालिका के साथ हुए दुष्कर्म के मामले में विशेष न्यायाधीश पॉक्सो स्मृता सिंह ठाकुर की अदालत ने आरोपी तुलसीराम कुशवाहा को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है.

अभियोजन के अनुसार, 26 जुलाई 24 को आरोपी ने नाबालिग बालिका को अपने घर ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया. पीड़िता के शोर मचाने पर परिजन मौके पर पहुंचे, जिसके बाद आरोपी वहां से फरार हो गया. घटना की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने तत्काल मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया. जांच के दौरान डीएनए रिपोर्ट सहित अन्य वैज्ञानिक साक्ष्यों ने आरोपी के विरुद्ध आरोपों की पुष्टि की. विवेचना पूर्ण होने के बाद पुलिस ने बीएनएस, पॉक्सो अधिनियम तथा अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम की संबंधित धाराओं में न्यायालय में आरोपपत्र प्रस्तुत किया. सभी साक्ष्यों का परीक्षण करने के बाद अदालत ने आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई और कुल 4,700 रुपये के अर्थदंड से भी दंडित किया. मामले में शासन की ओर से विशेष लोक अभियोजक आशीष त्यागी एवं रेखा यादव ने पैरवी की.

नवजात की मौत के बाद स्वास्थ्य सेवाओं पर सवाल

- बिलकीसगंज के स्वास्थ्य केन्द्र में हुई नवजात की मौत
- सीबीएमओ ने दिए मामले की जांच के आदेश

नवभारत न्यूज

बिलकिसगंज 16 जुलाई. सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में गुरुवार तड़के रात्रिकालीन ड्यूटी के दौरान डॉक्टर की अनुपस्थिति का मामला सामने आया है. आरोप है कि समय पर उपचार नहीं मिलने से एक नवजात शिशु की मौत हो गई.

जानकारी के अनुसार ग्राम सारस निवासी महिमा कलम को गुरुवार सुबह करीब 4 बजे प्रसव के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया था. महिला एक पैर से दिव्यांग है. प्रसव के बाद उसने एक नवजात को जन्म दिया, जो लगभग एक से डेढ़ घंटे तक जीवित रहा. परिजनों का आरोप है कि इस दौरान अस्पताल में कोई डॉक्टर मौजूद नहीं था और केवल नर्स द्वारा उपचार किया गया. सुबह लगभग 6 से 6.30 बजे के बीच नवजात की मौत हो गई.

घटना की जानकारी मिलने पर सरपंच प्रतिनिधि राजेश जांगड़े अस्पताल पहुंचे. उन्होंने महिला और परिजनों से बातचीत कर पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली.

उनका आरोप है कि डॉक्टर की अनुपस्थिति के कारण नवजात को समय पर इलाज नहीं मिल सका. उन्होंने इसकी सूचना बीएमओ नवीन मेहर को दी. सूचना मिलने के बाद बीएमओ नवीन मेहर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे और निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्टाफ को फटकार लगाई तथा कई अन्य अनियमितताओं पर भी नाराजगी जताई. बताया गया कि अस्पताल में डिलीवरी के बाद मरीजों से कथित रूप से पैसे लेने के आरोप सामने आए हैं. इसके अलावा डॉक्टरों द्वारा बाहर की दवाएं लिखे जाने जैसे आरोप भी बीएमओ के संज्ञान में लाए गए.

अस्पताल के वर्तमान प्रभारी विभाष रतोनिया ने बताया कि उनके पास हाल ही में प्रभार आया है. अनियमितताओं की जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी.

सीहोर चिल्ड्रन ने एमजी क्लब को हराया

सीहोर. फुटबाल एसोसिएशन के तत्वाधान में आगामी दिनों में होने वाली जूनियर टीम के लिए 18 जुलाई को चर्च मैदान पर ट्रायल का आयोजन किया जाएगा. इसमें 15 साल से 17 साल की आयु वर्ग के खिलाड़ी शामिल रहेंगे. इसको लेकर जिला फुटबाल एसोसिएशन के सचिव मनोज कन्नोजिया ने ट्रायल के लिए एक समिति का गठन किया है. इस मैच में सीहोर चिल्ड्रन की ओर से वंश ने 2 गोल, युवराज ने एक गोल किया था.

तीन पंचायत सचिवों पर लगाया जुर्माना

नवभारत न्यूज

सीहोर 16 जुलाई. कलेक्टर बालागुरू के द्वारा सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए है कि लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत समय सीमा में नागरिकों को सेवाएं उपलब्ध नही कराने वाले अधिकारी-कर्मचारियों पर जुर्माने की कार्रवाई की जाए.

इसी क्रम में लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत निर्धारित समय-सीमा में सेवाएं उपलब्ध नहीं कराने पर जिला योजना अधिकारी संजय लक्केवार द्वारा तीन ग्राम पंचायत के सचिवों पर जुर्माना लगाया गया है.

जनपद पंचायत आष्टा की ग्राम पंचायत खुजुरिया जावर के सचिव महेंद्र सिंह ठाकुर, गुराड़िया वर्मा के सचिव लखन सिंह ठाकुर तथा ग्राम जसमत के सचिव नरेंद्र सिंह ठाकुर द्वारा जन्म एवं विवाह पंजीयन से संबंधित आवेदनों का समय-सीमा में निराकरण न करते हुए एक दिन के अनावश्यक विलंब से आवेदन का निराकरण किया. तीनों पंचायत सचिवों पर एक दिन के लिए 250-250 रुपए का जुर्माना लगाया गया है. पंचायत सचिवों को भविष्य में लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने की हिदायत दी गई है.

लक्केवार ने बताया कि लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत निर्धारित समय-सीमा में सेवाएं प्रदान करना संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी है. उल्लंघन होने पर अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार प्रतिदिन 250 रुपए का जुर्माना लगाया जा सकता है.

वीआईटी में स्थापित हुआ आधुनिक रिसीवर

नवभारत न्यूज

सीहोर 16 जुलाई. वीआईटी यूनिवर्सिटी ने अंतरिक्ष विभाग के अंतर्गत राष्ट्रीय वायुमंडलीय अनुसंधान प्रयोगशाला के सहयोग से अत्याधुनिक जीएनएस रिसीवर प्रणाली स्थापित कर अंतरिक्ष विज्ञान एवं अंतरिक्ष मौसम अनुसंधान के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है.

यह प्रणाली आयनोस्फीयर और स्पेस वेदर के अध्ययन के साथ स्वदेशी नेविगेशन तकनीकों पर शोध को नई गति प्रदान करेगी.

एनएआरएल की नॉर्थ-साउथ चेन फॉर आयनोस्फीयर एंड स्पेस वेदर ऑब्जर्वेशन परियोजना के तहत स्थापित यह रिसीवर टोटल इलेक्ट्रॉन कंटेंट, आयनोस्फेरिक सिंटिलेशन, सिग्नल क्षरण, लॉस ऑफ लॉक तथा सौर एवं भू-चुंबकीय गतिविधियों से उत्पन्न आयनोस्फेरिक परिवर्तनों की निरंतर निगरानी करेगा. इससे प्राप्त डेटा अंतरिक्ष मौसम, भूगणित, पोजिशनिंग, नेविगेशन एवं



टाइमिंग सहित उपग्रह नेविगेशन और पृथ्वी अवलोकन से जुड़े अनुसंधान को नई मजबूती देगा.

पेंशनर्स एसोसिएशन की बैठक 19 को

सीहोर. शहर के इंग्लिशपुरा में भारतीय स्टेट बैंक पेंशनर्स संघ की बैठक 19 जुलाई को आयोजित की जाएगी. बैठक में मेडिकल क्लेम बीमा पॉलिसी बी, आयुष्मान कार्ड, आकस्मिक मृत्यु होने पर बैंक द्वारा देय राशि का भुगतान, आगामी दो वर्ष के लिए नवीन कार्यकारिणी का गठन, आगामी आमसभा की रुपरेखा सहित अनेक विषय चर्चा की जाएगी. एसोसिएशन ने बैठक में शामिल होने की अपील की है.

समीक्षा बैठक | जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में यातायात व्यवस्थाओं की कलेक्टर ने की समीक्षा

सड़कों के गड्ढे नहीं भराए तो सीएमओ को फटकारा

नवभारत न्यूज

सीहोर 16 जुलाई. कलेक्टर बालागुरू के की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई. बैठक में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने, यातायात व्यवस्था को अधिक सुरक्षित एवं सुगम बनाने तथा सड़क सुरक्षा से जुड़े विभिन्न विषयों की समीक्षा की गई. बैठक में एसपी श्रीमती सोनाक्षी सक्सेना ने भी दिशा निर्देश दिए.

बैठक में कलेक्टर ने जिले की सड़कों की स्थिति की समीक्षा की. सड़कों के गड्ढों की मरम्मत नहीं होने पर नपा सीएमओ को फटकार लगाते हुए तत्काल गड्ढे भरने के निर्देश देते हुए कहा कि सड़क की खराब स्थिति दुर्घटनाओं का कारण बनती है, इसलिए इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी.

बैठक में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध नियमित चालानी कार्रवाई, गंभीर मामलों में ड्राइविंग लाइसेंस निलंबन की कार्रवाई, दुर्घटना संभावित ब्लैक स्पॉट्स के सुधार, ओवरस्पीडिंग पर प्रभावी नियंत्रण तथा हाईवे पर निगरानी के निर्देश दिए गए. बैठक में डीएफओ अर्चना पटेल, बीएल अहिरवार, यातायात प्रभारी बृजमोहन धाकड़ सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे.